अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत काजरी, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में किसानों को खरीफ में बीज एवं खाद का वितरण

भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत दिनांक 16.07.2021 से 29.7.2021 के दौरान खरीफ ऋतु में अनुसूचित जाति के किसानों को निःशुल्क बीज एवं खाद का वितरण किया गया। किसानों को उच्च किस्मों के मोंठ, ग्वार, मूंग एवं बाजरा के बीजों का वितरण किया गया और साथ ही सभी किसानों को एक बैग युरिया एवं एक बैग डी.ऐ.पी. का वितरण किया। यह वितरण किसानों के खेत में दो बीघा जमीन में प्रदर्शन करने के लिए निःशुल्क दिया गया। इस योजना के अन्तर्गत सात नये गांव जोड़े गये तथा कुल 12 गावों में 450 किसानों को इस योजना द्वारा लाभावन्तित किए गये। इस योजना में 12 गावों में 450 किसानों को 43 क्विंटल ग्वार, मोठ, मूंग एवं बाजरें का बीज तथा 900 बैग यूरिया एवं डी.ए.पी. का वितरण किया गया। बीज एवं खाद वितरण के इस कार्यक्रम में प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर के अध्यक्ष डॉ. एन. डी. यादव ने बाराणी एवं सिंचित खेती की उन्नत तकनीकी खेती करने के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। अनुसूचित जाति उप योजना के समन्वयक डॉ. जी. एल. बागड़ी ने अनुसूचित जाति उप योजना के बारे में किसानों को बताया कि यह योजना अनुसूचित जाति के किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है जो उनके लिए फसल उत्पादन बढ़ाने में वरदान साबित होगी और इस योजना में अधिक से अधिक लाभ देने की कोशिश की जायेगी।